



# पशु अस्पताल हॉकर्स जोन से हटाए अतिक्रमण, गुमटियां

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना अंचल, 15 नवंबर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रभावी ढंग से अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टर्स को दी गई छूट का असर मुरैना जिले में दिखाई देने लगा है। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के तीखे तेवर देखकर जिला मुख्यालय सहित जौरा,

**जौरा, कैलारस, सबलगढ़ में भी अतिक्रमण हटाने सड़कों पर उतरी टीमें**

कैलारस, सबलगढ़ में एसडीएम-तहसीलदारों के साथ निकायों की टीमें पुलिस फोर्स के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए निकली।

मुरैना में शनिवार को नगर निगम का मदाखलत दस्ता पुराना बस स्टैंड पर पहुंचा। यहां हॉकर्स जोन में रखीं अवैध गुमटियों को हटाया गया। वहीं सरकारी जमीन पर संचालित नर्सरी भी हटवाई गई। इस दौरान स्थाई रूप से रखे गए हाथठेले भी जब्त किए गए। वहीं हाथ ठेले वालों को हिदायत दी गई कि वह अपना कारोबार निर्धारित जगह पर ही करें। इससे पूर्व नगर निगम की मदाखलत टीम ने पुरानी सब्जी मंडी में पहुंचकर सड़क पर दुकान लगाकर सब्जी बेचने वाले दुकानदारों को हटाया।



**सबलगढ़ :- बैनीपुरा में नाले से अतिक्रमण हटाया, कराई सफाई**

सबलगढ़ कस्बे में बैनीपुरा में सरकारी जमीन पर बने नाले से अवैध अतिक्रमण जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। वहीं नाले की सफाई कराई गई। यहां बता दें कि वार्ड 13 में नायब तहसीलदार रवीश कुमार भदौरिया के नेतृत्व में आरआई-पटवारी, पुलिस फोर्स ने बैनीपुरा में नाले एवं रास्ते की जमीन से अतिक्रमण तोड़कर उसका सीमांकन किया। इधर नगर में व्याप्त अतिक्रमण की समस्या खत्म करने के लिए एसडीएम मेघा तिवारी ने तहसीलदार रवीश कुमार भदौरिया के नेतृत्व में एक दल गठित किया है, जो नगर में भ्रमण करके हाथठेले और फल-चाट के ठेला-टमटम आदि की व्यवस्था को देखेंगे। उनको नई जगह पर पहुंचाकर एमएस रोड को खाली करवाएंगे। इसके बाद दुकानों के सामने अस्थाई रूप से लगे टीनशेड-चबूतरों को हटाया जाएगा।



**कैलारस :-नाले पर चली जेसीबी, हटाया अतिक्रमण**

कैलारस कस्बे की ग्राम पंचायत खुमान का पुरा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में नाले पर अतिक्रमण के चलते जलभराव हो रहा था। शनिवार को तहसीलदार नरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में जेसीबी की मदद से नाला साफ कराया गया, ताकि जलभराव समस्या का निदान हो सके। तहसीलदार ने बताया कि ग्राम निरारा नर्सरी में जल भराव की समस्या थी। इसे दूर करने के लिए निरारा नर्सरी से रीझोनी रोड तक लाने का प्रयास किया जाएगा।

# बिरसा मुंडा ने समाज में चेतना जगाई

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 नवंबर।** मप्र के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार सर्वहारा एवं वंचित वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरकार की मंशा समाज में अंतिम पंक्ति के छोर पर खड़े व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समग्र विकास करना है।

**पहाड़गढ़ में जनजातिय गौरव दिवस समारोह में कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा**

कृषि मंत्री श्री कंषाना, शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पहाड़गढ़ में आयोजित जिलास्तरीय जनजातिय गौरव दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एसडीएम जौरा शुभम शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग उपस्थित थे। समारोह में कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श हम सबको दिशा दिखाने वाले है। बिरसा मुंडा महान जननायक ही नहीं आजादी के आंदोलन के



अमर वीर थे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वासों के खिलाफ चेतना जगाने का काम किया। श्री कंषाना ने कहा कि मप्र में डॉ मोहन यादव की सरकार बिरसा मुंडा के आदर्शों का अनुशरण करते हुए जनजातीय समाज की शिक्षा, विकास और आत्मनिर्भरता के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। कार्यक्रम में सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई योजनाएं बेटियों की शिक्षा और उनके आत्मनिर्भर बनकर सुनहरे भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**पीएम आवास हितग्राहियों को सौंपी गईं आवासों की चाबियां** : कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऐदल सिंह कंषाना द्वारा प्रधानमंत्री जन-मन आवास योजना की हितग्राही श्रीमती नारायणी, श्रीमती लक्ष्मी, सुनील, आदिराम को आवास की चाबियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत शिविका, अनुप्रिया और आदिती को प्रमाण पत्र भेंट किए गए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा श्रीमती शिमला, छाया, भरत आदिवासी को खाद्यान्न पात्रता पर्चियां दी गईं।

## गन्ना-अरहर की फसल में आग लगी, 2 लाख का नुकसान

**मुरैना, 15 नवंबर।** सुमावली के हार में 4 बीघा में खड़ी गन्ना-अरहर की फसल जलकर राख हो गई। इसके साथ ही खेत में ट्रॉली के टायर और उसमें रखी करब भी जल गई। जानकारी के अनुसार मुरैना रोड पर ईंट चिमनी के पास बनवारी पुत्र कप्तान सिंह जादौन के दो बीघा खेत में गन्ना और दो बीघा खेत में अरहर की फसल खड़ी थी। खेत के ऊपर से निकली लाइनों से निकली चिंगारी से चार बीघा खेत में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। वहीं बाजरा की करब सहित ट्रॉली के टायर भी जलकर राख हो गए। खेत में आग फैलने से उठ रही लपटों को बुझाने के लिए ग्रामीणों ने ट्यूबवेल चलाकर पानी का छिड़काव किया लेकिन तब तक आग से पूरी फसल जलकर स्वाहा हो चुकी थी।

# सुभाष नगर में सब्जी मंडी के चबूतरों का मेंटनेंस-सफाई शुरू



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 नवंबर।** शहर के फाटक बाहर क्षेत्र में सब्जी एवं फल विक्रेताओं के लिए बनाए गए पक्के चबूतरों की साफ-सफाई एवं मेंटनेंस का कार्य नगर निगम द्वारा शुरू कर दिया है। बुधवार तक इस काम के पूरा होने के बाद सब्जी एवं फल विक्रेता इन चबूतरों पर अपनी दुकान लगा सकेंगे।

बताना होगा कि फाटक बाहर क्षेत्र में अंडरब्रिज से पुल तिराहे की ओर जाने वाली रोड पर सड़क के बीच एवं दोनों साइड फल एवं सब्जी विक्रेताओं द्वारा अपनी दुकानें लगाई जाती थी। जिसकी वजह से वहां आवागमन अवरुद्ध होता था। कुछ दिन पहले ननि की टीम ने रोड से अतिक्रमण को हटाकर फल, सब्जी विक्रेताओं को अंबाह रोड पर पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास शिफ्ट कर दिया था। वहीं नगर निगम द्वारा सुभाष नगर में पानी की टंकी के पास सब्जी मंडी के लिए बनाए गए चबूतरे खाली पड़े हुए थे। इन चबूतरों पर गंदगी पसरी हुई थी, तो वहीं कुछ चबूतरे क्षतिग्रस्त भी हो गए थे। शनिवार को नगर निगम की टीम ने चबूतरों की मरम्मत और साफ-सफाई का काम शुरू करा दिया है। इन चबूतरों पर व्यवसाय करने के लिए फल एवं सब्जी विक्रेता अपना पंजीयन नगर निगम में करा सकते है।

# बिरसा मुंडा धार्मिक सुधारक व महान स्वतंत्रता सैनानी थे : राठौर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 नवंबर।** जनजातिय समाज को उनका हक, अधिकार दिलाने के साथ देश की आजादी के आंदोलन में ब्रिटिश हुकूमत की

**पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने जयंती पर किया नमन, हुआ कार्यक्रम**

जड़ें हिलाने वाले भगवान बिरसा मुंडा धार्मिक सुधारक और लोक नायक थे।

यह विचार कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष राजेश राठौर ने व्यक्त किए। श्री राठौर,





15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कार्यालय पर हुआ। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। जिसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातिय समुदाय के देवता सिंहबोंगा की पूजा के माध्यम से समाज में एकेश्वरवाद को बढ़ावा देने का काम किया। अपने जीवनकाल में उन्होंने शराबखोरी, अंधविश्वास, जबरन श्रम के खिलाफ अभियान चलाया और समाज को जागरुक करने का काम किया। उन्होंने जनजातिय समुदाय को अपनी संस्कृति और सामुदायिक भूमि स्वामित्व पर गर्व करना सिखाया। कार्यक्रम में कांग्रेस अजा विभाग के जिलाध्यक्ष नरोत्तम माहौर, अल्पसंख्यक विभाग के रहीस खान, आनंद रजक, महेश रजक, निरंजन राठौर, पवन जोशी, दिलीप रजक, शिवम राठौर, अकरम खान, किशन, संजय, विवेक, अजय सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# करह आश्रम से लौट रहे दंपति पर सांड़ों का हमला, हुए जख्मी

**मुरैना, 15 नवंबर।** करह धाम स्थित पटिया वाले बाबा के दर्शन करके लौट रहे बाइक सवार पति-पत्नी दो सांडों की लड़ाई में जख्मी हो गए। गंभीर घायल दोनों लोगों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार

**हथरिया गांव के पास शनिवार की सुबह हुआ हादसा**

गौरव राजपूत निवासी हथरिया अपनी पत्नी निरमा राजपूत के साथ बाइक से करह आश्रम पर दर्शन करने के लिए गए थे। करह आश्रम से हथरिया लौटते वक्त सुमावली के पास रास्ते में दो सांड़ आपस में लड़ रहे थे। यह सांड लड़ते हुए गौरव-निरमा के वाहन से जा टकराए, जिससे तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा और दोनों पति-पत्नी बुरी तरह से



लख्मी हो गए। गौरव राजपूत के हाथ-पैर में चोट आई है। वहीं निरमा का सिर फट गया, जिससे वह लहुलुहान हो गईं। रास्ते से गुजर रहे विक्की जैन नामक वाहन चालक ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस को कॉल किया लेकिन वहां से जबाव आया कि अभी एंबुलेंस किसी दूसरे मरीज को लेने गई है। इस पर विक्की जैन ने स्वयं के वाहन से दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# स्क्रेप टायरों से भरे ट्रक में हाईटेंशन लाईन से आग लगी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 नवंबर।** औद्योगिक क्षेत्र जरेरुआ में स्क्रेप टायरों को जलाकर तेल निकालने वाले प्लांट

**2 किमी एरिया में फैला आग से निकला काला धुआं**

में स्क्रेप टायर भरकर जा रहा 16 चक्का ट्रक हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। बिजली लाइन की चपेट में आकर ट्रक में भरे टायर धूं-धूं कर जलने लगे। घटना



सुबह 7.30 बजे की है। ट्रक में भरे टायरों के जलने से स्थिति इतनी विकराल थी कि जरेरुआ-तिलहन संघ के 2 किमी इलाके में काले धुएं की परत छा गई, जिससे आसपास मौजूद फैक्टरियों के वर्कर और स्थानीय ग्रामीणों सहित आग बुझाने में जुटे दमकल कर्मियों का दम घुट रहा था।

**3 घंटे में 4 दमकलों ने लगाए 6 चक्कर, तब बुझी आग :** लोहगढ़-जरेरुआ क्षेत्र में संचालित स्क्रेप टायर से तेल निकालने के प्लांट में टायर लेकर जा रहे चतुरराम पुत्र उदयराज गुर्जर के ट्रक में लगी आग को बुझाने के लिए सुबह 8 बजे नगर निगम की 2 और बानमोर औद्योगिक क्षेत्र की 2 दमकलें पहुंच गई। 2 से 3 घंटे की मशक्कत के दौरान इन दमकलों को 6 चक्कर लगाकर पानी फेंकना पड़ा, तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका।

**अवैध टायर फैक्टरियों में ब्लास्ट से मजदूर मरे, फिर भी चल रहीं**

यहां बता दें कि औद्योगिक क्षेत्र जरेरुआ में स्क्रेप टायरों को वॉयलर में जलाकर तेल निकालने के लिए 12 से अधिक प्लांट लगे हुए हैं। एक महीने पहले ही एक टायर प्लांट में हुए ब्लास्ट से 2 मजदूरों की मौत हो चुकी है, एक मजदूर बुरी तरह झुलस चुका है। हालांकि ब्लास्ट वाली फैक्टरी बंद हो चुकी है लेकिन अन्य प्लांट बे-रोकटोक संचालित हो रहे हैं।

# चिल्ड्रन-डे कॉर्निवाल में बच्चों ने दिखाया हुनर, सजाए फूड स्टॉल

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 नवंबर।** बाल दिवस के मौके पर शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था बिहारी कॉन्वेंट स्कूल में चिल्ड्रन-डे कॉर्निवाल का

**बिहारी कॉन्वेंट स्कूल के दोनों कैंपस में हुआ आयोजन**

आयोजन किया गया। शहर की बीच जीन स्थित एवं जौरा रोड स्थित बिहारी कॉन्वेंट स्कूल की सीबीएसई ब्रांच में आयोजित हुए कॉर्निवाल में बच्चों ने उत्साहपूर्वक



हिस्सा लिया। दोनों कैंपस में प्राचार्य एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग से बच्चों ने स्वत: ही कार्यक्रमों का संचालन कर नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। आयोजनों में बच्चों की रचनात्मकता, ज्ञान और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।

कॉर्निवाल में विषयवार प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, कंप्यूटर, गणित तथा आर्ट एंड क्राफ्ट विषयों को लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडल, चाट्र्स और विविध कलाकृतियां आकर्षक का केन्द्र रहीं। इसके अलावा विद्यार्थियों ने शिक्षकों की मदद से फूड स्टॉल, गेम जोन, हॉन्टेड हाऊस, पपेट-शो, पॉटरी व्हील का संचालन किया। कॉर्निवाल में अभिभावकों की उपस्थिति भी खासी रही। उन्होंने विभिन्न प्रदर्शनी में मॉडल एवं कलाकृतियों को देखा और स्टॉल पर पहुंचकर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कॉर्निवाल का शुभारंभ संस्था के संचालक पवन गुप्ता एवं युवराज गुप्ता ने फीता काटकर किया।

# शिक्षा-खेलकूद से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास : पवन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 नवंबर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती शुक्रवार को जन शिक्षा केन्द्र गुढ़ा चंबल जौरा के

**प्रावि तुस्सीपुरा में मनाया गया पं. नेहरू का जयंती**

शासकीय प्राथमिक विद्यालय तुस्सीपुरा में बाल दिवस के रूप में मनाई गई।

बाल दिवस कार्यक्रम में मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार विशेष रूप से



उपस्थित थे। विद्यालय के स्टाफ सहित बच्चों को संबोधित करते हुए श्री परिहार ने कहा कि पं. नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव था, उनका मानना था कि बच्चे देश की असल पूंजी है। उनका मार्गदर्शन और देखभाल पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। श्री परिहार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ खेलकूद का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस मौके पर बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। चित्रकला एवं अंताक्षरी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जनशिक्षक पवन सिंह परिहार, निर्मल जैन ने बच्चों को नोटबुक, पेंसिल, स्लेट, टॉफियों का वितरण किया। कार्यक्रम में श्रीमती ओमवती श्रीवास, श्रीमती राधा सिकरवार सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# देशी शराब की 17 पेटी ले जा रहा तस्कर फरार



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 नवंबर।** अवैध बिक्री के लिए ग्वालियर से वैगनार कार में भरकर 17 पेटी देशी शराब को मुरैना की ओर ले जा रहे तस्कर कार को छोड़कर भाग निकला। जिसे नूराबाद पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने कार सहित शराब को जब्त कर आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार प्रभारी नूराबाद थाना प्रभारी एसआई सौरभ पुरी को 15 नवंबर को मुखबिर ने सूचना दी कि तस्कर वैगनार कार में शराब की खेप लेकर ग्वालियर से मुरैना की ओर जाने वाले है। पुलिस टीम ने एनएच-44 हाईवे पर रेस्ट हाऊस के सामने चैक पॉइंट लगाकर वाहनों की चैकिंग शुरू की। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम ने वैगनार कार क्रं. डीएल03-एयू-0228 को रोकने की कोशिश की। ड्राईवर कार को छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने तलाशी के दौरान कार से देशी शराब की 17 पेटियां जब्त की है। पुलिस ने शराब एवं कार को जब्त कर लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। कार्यवाही में एसआई सौरभ पुरी, एएसआई राजेश कुमार, आरक्षक केशव कुशवाह, सुरेन्द्र कुशवाह, प्र.आर. चालक नरेश शर्मा, आरक्षक गोपेश तोमर शामिल थे।

# वोटर लिस्ट एसआईआर की सतत निगरानी करें बीएलए-2

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 नवंबर।** वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस के बीएलए-2 का बानमोर में शनिवार को प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम कस्बा बानमोर के राधिका मंडपम मैरिज गार्डन में हुआ। जिसमें कांग्रेस के एसआईआर ट्रेनर संतोष त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर, शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव ने की। प्रशिक्षण में विधायक दिनेश





गुर्जर, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए ट्रेनर संतोष त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस की ओर से नियुक्त किए गए बीएलए-2 संगठन के दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्वाचन आयोग के बीएलओ के साथ मिलकर वोटर लिस्ट एसआईआर की सतत निगरानी करें। उनके द्वारा ध्यान रखा जाए कि कोई भी वैध मतदाता एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान वोटर लिस्ट से बाहर न होने पाए। ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर के जरिए 65 लाख मतदाताओं को उनके वोट के अधिकार से वंचित करने का काम किया है। विधायक दिनेश गुर्जर, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार ने कहा कि वोटर लिस्ट एसआईआर कार्य को लेकर संगठन ने बीएलए के रूप में कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस कार्य में लापरवाही संगठन के लिए नुकसानदेह साबित होगी।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :** सुभाष सिकरवार, लोकेन्द्र यादव, रामवीर तोमर, उदयवीर सिंह सिकरवार, मनीष शर्मा, संजय छावरी, सेठी मावई, पूरन यादव, प्रमोद परमार, दशरथ अटारिया, धर्मेन्द्र गुर्जर, सरदार तोमर, सुनील दादोरिया, बच्चन हर्षाना, नरेश यादव, सत्यम राठौर आदि प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित थे।